C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:35 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



करीना के साथ दिए पोज...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 135 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 18 नवंबर 2026

News कॉर्नर

देहरादून में आज प्रदर्शन करेंगे पीआरडी कर्मी

काशीपुर। दो सूत्री मांगों के लिए पीआरडी जवानों का दो दिन का कार्य बहिष्कार शुरू हो गया है। पीआरडी जवान 18 नवंबर को देहरादून में सीएम आवास के सामने प्रदर्शन करेंगे। प्रांतीय रक्षक दल संगठन के अजब सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह, संजय राणा ने बताया कि साल में 365 दिन का रोजगार, होमगार्ड की तर्ज पर टीए और बकाया के भुगतान की मांग की मांग के लिए जवान 17 नवंबर और 18 नवंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि काशीपुर से 30 जवान प्रदर्शन में प्रतिभाग करने करने दून जाएंगे।

चमोली में महसूस किए भूकंप के झटके, 4.1 मापी गई तीव्रता



चमोली। भूकंप के झटकों से आज उत्तराखंड के चमोली जिले में धरती डोल उठी। हालांकि किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। चमोली जिले में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि भूकंप का केंद्र ज्योर्तिमठ था। सुबह 10 बजकर 24 मिनट पर भूकंप दर्ज किया गया। जिले में कहीं से भी भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन के अनुसार, स्थिति सामान्य है। भूकंप के झटकों के बाद किसी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। फिलहाल जिले में नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

भाजपा के दो दिवसीय चिंतन शिविर में सभी निर्णयों पर मंथन

नई दिल्ली एजेंसी



भाजपा के दो दिवसीय चिंतन शिविर में पार्टी आलाकमान ने उन सभी निर्णयों पर मंथन किया जिससे वोटरों के एक बड़े वर्ग में नाराजगी है और इससे पार्टी को विधानसभा चुनाव में नुकसान हो सकता है। यह साफ किया गया कि यूजीसी नियमों में बदलाव जैसे मामलों पर पार्टी अब बैकफुट पर रहेगी और ऐसे तमाम मुद्दों का चुनाव से पहले ही निस्तारण कर दिया जाएगा।

दरअसल, यूजीसी नियमों में बदलाव का सबसे बड़ा विरोध उस वर्ग ने किया जिसे भाजपा का कोर वोटर कहा जाता है। मुख्य रूप से ब्राह्मण, वैश्य, ठाकुर, त्यागी, कायस्थ आदि को भाजपा अपना मजबूत वोटर मानती रही है। जैसे ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का इक्विटी रेगुलेशंस 2026 आया, यह वर्ग नाराज हो गया। इसका देशव्यापी विरोध हुआ।

फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा रखी है। विधानसभा चुनाव से ऐन पहले इस रेगुलेशन के आने से चुनावी विश्लेषकों ने भी हैरानी जताई क्योंकि भाजपा का यह कोर वोटर अब विरोध के स्वर उठाने लगा।

यहां तक कि प्रदेश भाजपा के रणनीतिकारों ने भी कहा कि बिना वजह यह नियम क्यों लाया गया जबकि किसी ने पुरजोर तरीके से इसकी मांग भी नहीं की थी। बिना वजह चुनाव से पहले यह प्रयोग क्यों? योजना बैठक में भी ये सवाल उठे और माना गया कि ऐसे निर्णय पार्टी के लिए आत्मघाती गोल हो सकते हैं। इसी तरह एसआईआर का मुद्दा भी उठा। कहा गया कि इससे फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता नजर आ रहा है। बैठक में तय हुआ कि ऐसे मुद्दों का निस्तारण चुनाव से पहले ही किया जाएगा। गड़बड़ा जाएगा जीत का समीकरण भाजपा अपनी चुनावी रणनीति में इन तीनों जातियों को प्रमुख कोर वोट बैंक मानती है।

उदाहरण के लिए, 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 403 सीटों में से लगभग 71 टिकट ठाकुरों, 68 ब्राह्मणों और 28 वैश्य उम्मीदवारों को दिए थे। बैठक में पार्टी के रणनीतिकारों ने माना कि यूपी के कुल मतदाताओं में सवर्ण वर्ग लगभग 18 से 23 प्रतिशत माना जाता है।

सचिवालय घेराव करने पहुंचीं, भारी पुलिस बल तैनात

प्रदेशभर से राजधानी में जुटीं आशा कार्यकर्ताएं

देहरादून हमारे संवाददाता



राजधानी में एकत्रित होकर प्रदेश भर की आशा कार्यकर्ताएं सचिवालय कूच करने पहुंचीं। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

अपनी मांगों पर सुनवाई नहीं होने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने आंदोलन तेज कर दिया है।

प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से देहरादून पहुंचीं आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार से सचिवालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पहले वे कई दिनों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के बाहर धरना दे रही थीं। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे सात सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार आवाज उठा रही हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के चलते उन्होंने सीएमओ कार्यालय के बाहर चल रहे धरने को आगे बढ़ाते हुए सचिवालय के बाहर प्रदर्शन शुरू किया है। आशाओं ने 20 नवंबर तक सचिवालय के बाहर धरना जारी रखने का एलान किया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। वहीं, प्रदर्शन में आशा कार्यकर्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सचिवालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहकर स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

लश्कर कमांडर लतीफ भट ढेर, मस्जिद में छिपा था कुलगाम हमले का आतंकी

जम्मू एजेंसी

दक्षिण कश्मीर स्थित कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के वांछित कमांडर लतीफ भट्ट को मार गिराया है। मुठभेड़ के बीच एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें अफसर आतंकी लतीफ से सरेंडर करने की अपील कर रहे थे।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर लतीफ भट को मार गिराया है। मुठभेड़ स्थल से मारे गए आतंकवादी का शव और एक हथियार बरामद किया गया है। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को हुई एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर लतीफ भट मारा गया। उसे बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने मना कर दिया। इस ऑपरेशन के दौरान मस्जिद को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इससे पहले बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने आतंकी लतीफ भट को वीडियो कॉल भी किया था, अफसरों ने आतंकी लतीफ से सरेंडर करने के लिए कहा था।सामने आए वीडियो में एक अधिकारी को भट से यह कहते हुए सुना गया, हम तुम्हारे साथ हैं। हालांकि, उसने सरेंडर करने से इनकार कर दिया और कहा, मुझे अल्लाह से मुलाकात करनी है। मैं बहुत खुश हूं। सुबह होने से पहले ही फिर से गोलीबारी शुरू हो गई, सुरक्षा बलों ने कुलगाम के कई गांवों में अपना ऑपरेशन तेज किया हुआ था। भट का साथी, उमर निसार डार, सोमवार को कुलगाम में हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था। निसार और लतीफ 11 नवंबर को सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की एक चौकी पर हुए हमले में शामिल थे।



धोनी के आईपीएल संन्यास से पैतृक गांव ल्वाली चर्चा में

अल्मोड़ा हमारे संवाददाता

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने के ऐलान के बाद उनके पैतृक गांव ल्वाली में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि धोनी ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर जो मुकाम हासिल किया है उससे पूरे गांव और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उनकी उपलब्धियों पर सभी को गर्व है।

अपने हेलीकॉप्टर शॉट के लिए मशहूर महेंद्र सिंह धोनी मूल रूप से जैंती तहसील के ल्वाली गांव के निवासी हैं। 70 के दशक में उनके पिता पान सिंह धोनी नौकरी के सिलसिले में रांची जाकर बस गए थे। गांव में उनके चाचा रहते थे, जिन्होंने कुछ साल पहले हल्द्वानी में मकान बना लिया है। ग्राम प्रधान दीवान सिंह धोनी ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी का क्रिकेट में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से देश-दुनिया में अलग पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियों पर पूरे गांव को गर्व है। उन्होंने कहा कि अब धोनी की उम्र भी हो गई है। संभव है कि इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया हो। खेल के मैदान पर उनकी उपलब्धियों को हमेशा याद रखा जाएगा।

राहुल पर भाजपा का तीखा हमला, गौरव भाटिया बोले- भारत के मीर जाफर हैं

नई दिल्ली एजेंसी

कहा- विदेश में देश को बदनाम कर रहे



अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेशी यात्रा पर कोलंबिया की यूनिवर्सिटी में एक साजिश के तहत भारत को बदनाम करने के लिए अनर्गल बयान, झूठे वक्तव्य और बेबुनियाद बातें कहते हैं, जिससे देश का हर नागरिक आज शर्मसार है।

उन्होंने कहा कि अराजकता के प्रतीक, अपरिपक्व, भारत से नफरत करने वाले राहुल गांधी जब भी विदेशी धरती पर जाते हैं, तो झूठे बयान देते हैं। उनकी मंशा भारत की प्रगति को ठेस पहुंचाना और भारत की मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि को कमजोर करना है। राहुल गांधी अपरिपक्व हैं, यह हर कोई जानता है। लेकिन जब नेता प्रतिपक्ष होते हुए वे विदेशी धरती पर ऐसे जहरीले बोल बोलते हैं, तो पता चलता है कि वे भारत विरोधी हैं, एक शातिर व्यक्ति हैं और भारत के मीर जाफर हैं। जब भी संसद का सत्र होने वाला होता है, राहुल गांधी जरूर विदेशी धरती पर जाते हैं। क्या यह इसलिए है कि वे अपने विदेशी आकाओं से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें?

सोशल मीडिया पर प्रदीप भंडारी ने भी साधा निशाना

इससे पहले भंडारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राहुल गांधी को भारत विरोधी प्रचार का नेता बताते हुए आरोप लगाया कि वह विदेश जाकर देश की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति और लोकतंत्र को लेकर नकारात्मक बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र का सम्मान किया जाता है। प्रदीप भंडारी ने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि वह विदेश दौरों पर हमेशा भारत के राष्ट्रीय हितों और तिरंगे के सम्मान को प्राथमिकता देते हैं।

मांगों को लेकर भोजनमाताएं दो दिनी हड़ताल पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

न्यूनतम 18 हजार रुपये मानदेय और स्थायीकरण समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भोजनमाताएं मंगलवार से दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चली गयी हैं। प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के आह्वान पर हड़ताल के दौरान नैनीताल में भोजन माताओं ने जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि राजकीय विद्यालयों में भोजनमाताएं वर्षों से बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार करने की जिमेदारी निभा रही हैं लेकिन उन्हें महज तीन हजार रुपये के आसपास मानदेय दिया जा रहा है। महंगाई के दौर में इतनी कम राशि से परिवार का भरण.पोषण करना मुश्किल है। भोजन बनाने के अलावा उनसे सफ ई, बागवानी और चौकीदारी जैसे अतिरिक्त कार्य भी कराए जाते हैं। परीक्षा व प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी में भी उनकी सेवाएं ली जाती हैं लेकिन अतिरिक्त काम का अलग से पारिश्रमिक



नहीं दिया जाता। संगठन की अध्यक्ष तुलसी देवी ने बताया कि दो दिवसीय हड़ताल में बुधवार को धरना प्रदर्शन के बाद डीएम कार्यालय जाकर सीएम को संबोधित ज्ञापन दिया गया और दूसरे दिन बुधवार (आज) को हल्द्वानी में प्रदर्शन किया जाएगा।इस दौरान राधा देवी, कुसुम देवी, जानकी देवी, लीला जोशी, ममता, सरिता व दर्जनों भोजन माताएं मौजूद रही।

जिले के 1800 स्कूलों में नहीं पकेगा मिड डे मील

पिथौरागढ़। सरकार की मध्याह्न भोजन योजना पर भोजनमाताओं के कार्य बहिष्कार का असर पड़ने जा रहा है। 18 नवंबर से तीन दिन तक जिले के 1800 स्कूलों में मिड डे मील नहीं पकेगा। मांगें पूरी न होने से नाराज भोजनमाताओं के इस फैसले से आठ हजार से अधिक विद्यार्थियों के सामने स्कूल में मिलने वाले दोपहर के भोजन का संकट खड़ा हो गया है। अब बच्चों को तीन दिन तक घर से ही टिफिन लाना होगा। एक भोजनमाता को दिन का 100 तो महीने का करीब तीन हजार रुपये मानदेय मिलता है। भोजनमाताएं लंबे समय से मानदेय बढ़ाकर 18,000 रुपये महीना करने, 11 महीने का नहीं बल्कि पूरे साल का मानदेय देने और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग पर संघर्ष कर रही हैं।

नैनीताल जू में वन्य जीवों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी, सफेद बाघिन दहाड़ेगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के चिड़ियाघर में वन्य जीवों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी तेज हो गई है। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को जल्द ही यहां सफेद बाघिन के दीदार होंगे। इसके लिए नैनीताल जू प्रबंधन का पटना चिड़ियाघर के साथ वन्यजीवों के आदान प्रदान का प्रस्ताव अंतिम चरण में पहुंच गया है।

दोनों चिड़ियाघरों की ओर से इस पर सहमति भी मिल चुकी है। प्रस्ताव के तहत नैनीताल जू एक काला भालू पटना जू को देगा जबकि बदले में वहां से पटना जू से एक मादा सफेद बाघिन लाई जाएगी। नैनीताल जू के निदेशक आकाश गंगवार के अनुसार दोनों चिड़ियाघरों के बीच सहमति बनने के बाद अब प्रस्ताव को नियमानुसार केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की तकनीकी समिति के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। समिति की मंजूरी मिलने के बाद वन्यजीवों के स्थानांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसमें करीब तीन से छह महीने का



समय लगने की संभावना है।इसी क्रम में देहरादून चिड़ियाघर के साथ भी वन्यजीवों के आदान-प्रदान को लेकर सहमति बन गई है। इस प्रस्ताव के तहत नैनीताल जू में मकाऊ (रंग-बिरंगे विदेशी तोते) लाए जाएंगे जबकि इसके बदले यहां से चीड़ फीजेंट देहरादून जू को दिए जाएंगे। डीएफओ के अनुसार यह प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिए जाने की उ.मीद है। वन्यजीवों के इस आदान-प्रदान से नैनीताल जू में वन्यजीवों की विविधता बढ़ने के साथ पर्यटकों को नए वन्यजीव देखने का अवसर मिलेगा साथ ही चिड़ियाघरों के बीच वैज्ञानिक प्रबंधन, प्रजनन और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में भी सहयोग मजबूत होगा। गंगवार ने बताया कि दोनों प्रस्तावों पर संबंधित चिड़ियाघरों के बीच सहमति बन चुकी है। अब नियमानुसार जरूरी अनुमोदन और औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं।



युवा विज्ञानियों के बिना खगोल विज्ञान को आगे ले जाना संभव नहीं डाः बृजेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

युवा विज्ञानियों के बिना खगोल विज्ञान को आगे ले जाना संभव नहीं है। यह विचार आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में 3.6 मीटर ऑप्टिकल दूरबीन डाट ब्रह्मांड की खोज कार्यशाला उद्घाटन में एरीज के अधिष्ठाता व इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा बृजेश कुमार ने व्यक्त किए।

कार्यशाला में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के 45 युवा खगोलविद् भाग ले रहे हैं। डा बृजेश कुमार ने कहा कि एरीज देव स्थल में 3.6 मीटर ऑप्टिकल दूरबीन का होना बेहद महत्वपूर्ण है लेकिन उसका उपयोग कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जिस कारण यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में में दूरबीन प्रकाशीय व निकट अवरक्त तरंग दैर्ध्य में इमेजिंग, स्पेट्रोस्कोपी अवलोकनों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। एरीज आउट रीच प्रभारी डा वीरेंद्र यादव ने बताया कि चार दिवसीय कार्यशाला डाट दूरबीन समेत दूरबीन के उपयोग और डेटा प्रोसेसिंग का परीक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व हिमाचल व केरल समेत कई अन्य विश्व विद्यालयों के विद्यार्थी मौजूद थे।

इंटर ऑफि शियल एंड कमर्शियल फुटबॉल टूर्नामेंट तल्लीताल व्यापार मंडल ने झटकी ट्राफी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

द नैनीताल जिमखाना एंड डिस्ट्रिट स्पोर्ट्स एसोसिएशन नैनीताल द्वारा आयोजित इंटर ऑफि शियल एंड कमर्शियल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का फ इनल मुकाबला मंगलवार को कंबाइंड एजुकेशन और तल्लीताल व्यापार मंडल ए के बीच खेला गया।

फाइनल मुकाबले में तल्लीताल व्यापार मंडल ए की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कंबाइंड एजुकेशन की टीम को 2-0 गोल से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही तल्लीताल व्यापार मंडल ए टूर्नामेंट की विजेता बनी जबकि कंबाइंड एजुकेशन की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के सेवानिवृत वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी भेंट की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पालिका के सभासद भगवत सिंह रावत समेत डा.मनोज सिंह बिष्ट, शैलेंद्र सिंह बर्गली,धर्मेंद्र शर्मा समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे। इससे पूर्व डीएसए के महासचिव मनोज जोशी ने अतिथियों का डीएसए परिवार की ओर से स्वागत किया उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी।



NEWS / फटाफट

हाईकोर्ट ने दिया दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के थाना बहादराबाद में मारपीट के मामले में नामजद आरोपी पति मो. सदाब और अन्य याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए उनके खिलाफ फिलहाल कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि यह पूरा मामला पारिवारिक और आपसी कलह का है । दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि शादी के ढाई साल बाद उत्पन्न हुए इस पारिवारिक विवाद में सामान्य आरोप लगाए गए हैं।

हाईकोर्ट ने दी गृह सचिव को चार हफ्ते की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने गैरसैंण में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग के लिए दिशा निर्देश बनाने और घायल आंदोलनकारी को मुआवजा देने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गृह सचिव से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई याचिका में उच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन और प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध पुलिस बल प्रयोग के संबंध में उचित दिशानिर्देश दिया जाए साथ ही घायल को उचित मुआवजा देने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।

वन रावत व वन राजि जनजाति के अस्तित्व का मामले में सुनवाई आज भी

नैनीताल । हाईकोर्ट ने उत्तराखंड की वन रावत और वन राजि जनजाति का अस्तित्व खतरे में होने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने अगली सुनवाई बुधवार (आज) भी जारी रखी है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से बुधवार (आज) तक यह बताने को कहा कि इनकी समस्याओं के समाधान करने हेतु एक कमेटी गठित करने के लिए ऐसे जानकर लोगों के नाम कोर्ट को दें ताकि कोर्ट एक कमेटी गठित कर सके। मंगलवार को मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

लापता बेटे अर्णव की तलाश में नैनीताल में भटक रहा है पिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक में ट्रैकिंग के दौरान लापता हुए छात्र अर्णव सिंह को 12 दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। 12 दिन बीतने के साथ बेटे की कोई खबर नहीं मिलने से पिता की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

इस बीच बेटे के लापता होने के बाद से ही पिता भी नैनीताल में डेरा डाले हुए हैं और खुद भी उसकी तलाश में जुटे हैं, वह रोजाना पुलिस अधिकारियों से मिलकर बेटे को तलाशने में मदद की गुहार लगा रहे हैं वहीं पुलिस के लिए भी युवक के लापता होने की पहेली सुलझाना चुनौती बना हुआ है।इधर जंगल में तलाश के साथ पुलिस ने जांच का दायरा भी बढ़ाया है। नैनीताल से हल्द्वानी और काठगोदाम तक के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन के आसपास के कैमरों की भी जांच की गई है। पुलिस अर्णव के साथ ट्रैकिंग पर गए तीन दोस्तों समेत उसके सोशल मीडिया संपर्कों से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है। हल्द्वानी की दो युवतियों से भी पूछताछ की गई है जो सोशल मीडिया के जरिए अर्णव के संपर्क में थीं।12 दिन बाद भी अर्णव का कोई पता नहीं चलने से परिवार की बेचैनी बढ़ती जा रही है। पिता की निगाहें हर दिन किसी नई सूचना पर टिकी हैं, वहीं पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच और तलाश में जुटी है। अभी तक अर्णव के जंगल में भटकने व खाई में गिरने या किसी अन्य स्थान पर जाने को लेकर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है।

एरीज में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल । आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) की ओर से 3.6 मीटर देवस्थल प्रकाशीय दूरबीन के माध्यम से खगोलीय अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 16 से 20 नवंबर तक मनोरा पीक और देवस्थल परिसर में आयोजित 3.6 मीटर दूरबीन के साथ ब्रह्मांड की खोज कार्यशाला में देशभर के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से करीब 45 युवा खगोलविद हिस्सा ले रहे हैं।

डॉ वीरेंद्र यादव ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को देश की सबसे बड़ी प्रकाशीय दूरबीन 3.6 मीटर डीओटी की क्षमताओं और उसके वैज्ञानिक उपयोगों से परिचित कराना है। इसके तहत प्रतिभागियों को खगोलीय प्रेक्षण के लिए प्रस्ताव तैयार करने, दूरबीन से प्रेक्षण करने तथा प्राप्त आंकड़ों के प्रसंस्करण और विश्लेषण की जानकारी दी जा रही है साथ ही वैज्ञानिक अनुसंधान की नई संभावनाओं पर भी चर्चा की जा रही है।

नैनीताल जिले के धमोला में जमीन के नाम पर 11.31 लाख की ठगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के कालाढूंगी थाना क्षेत्र के धमोला गांव में जमीन खरीदने के नाम पर 11.31 लाख रुपये की ठगी के मामले में हाईकोर्ट सख्त हो गया है।

याचिकाकर्ता हरीश चंद्र पनेरू जो पेशे से सरकारी शिक्षक हैं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि 10 अक्टूबर 2024 को उन्होंने गांव धमोला निवासी डोरी लाल पुत्र महेश राम से 36.50 लाख रुपये में जमीन खरीदने का नोटराइज्ड एग्रीमेंट किया था।दोनों पक्षों में समझौते के मुताबिक उसी दिन 11.31 लाख रुपये नकद दे दिए गए थे जो उन्होंने और उनकी पत्नी जो दोनों शिक्षक हैं ने बैंक ऑफ बड़ौदा भीमताल ब्रांच से निकाले थे। तय हुआ था कि बाकी रकम 10 महीने में देकर रजिस्ट्री कराई जाएगी। आरोप है कि पैसा लेने के बाद विक्रेता ने



जमीन बेचने से इनकार कर दिया। इस पर पीड़ित ने 21 अगस्त 2025 को कालाढूंगी थाने में शिकायत दी लेकिन पुलिस ने बिना बैंक स्टेटमेंट लिए ही लापरवाही से मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी। इसी मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की कोर्ट में सुनवाई हुई। जांच अधिकारी के यह मानने पर कि उन्होंने बैंक खातों की जांच ही नहीं की कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 15 दिन में दोबारा निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट तलब की है साथ में कोर्ट ने व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। कोर्ट ने यह बताने को भी कहा है कि जब बैंक सस्टेटमेंट नही लिया गया तो मामले में अंतिम रिपोर्ट कैसे लगा दी, ये लापरवाही है।

अभिमत

घरेलू बजट बिगड़ा

सिर्फ वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में वृद्धि महंगाई नहीं है। आम आदमी की क्रय शक्ति, बचत और आमदनी का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि आर्थिक हालात कैसे हैं? दूध, सब्जी, दाल, तेल, रसोई गैस, बिजली की दर, पेट्रोल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च मध्यम वर्ग के बजट को प्रभावित कर रहा है। सच यह है कि आमदनी की तुलना में खर्च ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं। अधिकतर परिवारों को जरूरी खर्च पूरे करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

देश की आर्थिक स्थिति के संबंध में समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से आकलन किया जाता है। सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों से अर्थव्यवस्था की उन्नति दर्शाई जाती है। अर्थशास्त्रियों के अध्ययन से वास्तविक स्थिति का पता चलता है। सिर्फ वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में वृद्धि महंगाई नहीं है। आम आदमी की क्रय शक्ति, बचत और आमदनी का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि आर्थिक हालात कैसे हैं? दूध, सब्जी, दाल, तेल, रसोई गैस, बिजली की दर, पेट्रोल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च मध्यम वर्ग के बजट को प्रभावित कर रहा है। सच यह है कि आमदनी की तुलना में खर्च ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं। अधिकतर परिवारों को जरूरी खर्च पूरे करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महंगाई को समझने के लिए बाजार में वस्तुओं की कीमत देखना पर्याप्त नहीं है। किसी परिवार की आमदनी में पांच प्रतिशत की औसत वृद्धि हो रही है और खर्च में आठ प्रतिशत का इजाफा हो रहा है, तो दो-तीन महीने में ही स्थिति भयावह हो जाती है। सरकार के बजट में मुद्रास्फीति की दर पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मुद्रास्फीति से आम आदमी की स्थिति का सही आकलन नहीं होता है। महंगाई का सीधा असर आम आदमी की थाली, घरेलू बजट और जरूरी खर्चों पर पड़ता है। खाद्य पदार्थों की कीमत में वृद्धि से मध्यमवर्गीय लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने के साथ शिक्षा और चिकित्सा का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। महंगाई का कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर की घटनाओं और मौसम की मार भी है। कई देशों के बीच युद्ध से आयातित वस्तुओं की किल्लत और दामों में वृद्धि हुई है। कई साल से मौसम की बेरुखी से कृषि उपज पर असर पड़ा है। बेमौसम बरसात से देश के अधिकांश क्षेत्र में फसल को क्षति पहुंची है। केन्द्र और राज्य सरकार को नीतियों में बदलाव करके बाजार में वस्तुओं के कृत्रिम अभाव, कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को प्रशासन की निगरानी में सुदृढ़ करने से गरीब और मध्यम परिवार को खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। खरीफ की फसल को डीजल की किल्लत के बावजूद किसानों ने तैयार किया था, परन्तु बरसात और आंधी से तैयार फसल को नुकसान हुआ। फसल खराब होने से महंगाई और बढ़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

हनीट्रैप में 7 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप

व्यापारी का घर, खेत और स्टोन क्रेशर तक बिक गया, 30 प्रतिशत ब्याज के नाम पर प्रताड़ना का दावा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पहले कथित हनीट्रैप, फिर फोटो-वीडियो वायरल करने और झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी में एक व्यापारी ने छह लोगों पर ऐसा जाल बिछाकर करीब सात करोड़ रुपये और संपत्ति हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का दावा है कि वसूली का सिलसिला इतना बढ़ा कि उसका मकान, फार्म और स्टोन क्रेशर तक बिक गया, लेकिन कथित तौर पर आरोपियों की रकम की मांग बंद नहीं हुई।

लालकुआं क्षेत्र के मूल निवासी और वर्तमान में भोटियापड़ाव में रहने वाले व्यापारी सुभाष चंद्र ने ज्योति सिंह समेत छह लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में करीब पांच करोड़ रुपये नकद और ऑनलाइन भुगतान के अलावा लगभग दो करोड़ रुपये बाजार कीमत के चार प्लॉट, एक कार और एक स्कूटी हड़पने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2015 में ज्योति सिंह से व्यापारी की जान-पहचान हुई। आरोप है कि महिला ने उन्हें अपने घर बुलाया और प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाने की बात कही। इसके बाद इन्हीं तस्वीरों और वीडियो को परिवार व समाज में वायरल करने की धमकी देकर कथित रूप से रकम वसूलनी शुरू कर दी।

व्यापारी का आरोप है कि वर्ष 2016 में 45 लाख रुपये देने के बाद कुछ समय तक संपर्क बंद रहा, लेकिन 2022 में दोबारा फोन आने के साथ कथित वसूली का सिलसिला शुरू हो गया।



घर, फार्म और क्रेशर तक बिकने का दावा

व्यापारी ने शिकायत में कहा है कि लगातार कथित वसूली के कारण वह आर्थिक रूप से टूट चुका है। उसका घर, फार्म और स्टोन क्रेशर तक बिक गया। इसके बावजूद रकम की मांग और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां मिलने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अब शिकायत में नामजद छह लोगों की भूमिका, चारों प्लॉटों के बैनामे, बैंक खातों में हुए आरटीजीएस लेनदेन, चेक, मोबाइल चैट और कॉल डिटेल की जांच कर रही है। मामले की असल तस्वीर जांच और साक्ष्यों के सामने आने के बाद ही साफ होगी।

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि करीब दो करोड़ रुपये कीमत के चार प्लॉट अलग-अलग नामों पर कराए गए। इनमें एक ज्योति सिंह, दो उसकी बेटी संस्कृति अग्रवाल और एक मोहम्मद मुश्ताक के नाम कराने का दावा किया गया है। व्यापारी ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्री और आरटीजीएस के लेनदेन के जरिए रकम का हिसाब दिखाकर बाद में नकदी वापस ले ली जाती थी।

व्यापारी ने आरोप लगाया कि मकान खरीदने के नाम पर 30 लाख और दूसरी संपत्ति के नाम पर करीब 60 लाख रुपये तक वसूले गए। छोटी-छोटी रकम को भी कथित तौर पर 30 प्रतिशत प्रतिदिन ब्याज जोड़कर लाखों में पहुंचा दिया जाता था। रकम नहीं देने पर धमकी और बदनामी का डर दिखाया जाता था।

शिकायत के अनुसार 5 नवंबर को हाइडिल गेट क्षेत्र में ज्योति सिंह व्यापारी के भाई के घर पहुंची और रकम की मांग करने लगी। व्यापारी ने अपनी खराब तबीयत और आर्थिक तंगी का हवाला देकर समय मांगा, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद फोन और संदेशों के जरिए लगातार दबाव बनाया जाता रहा। चार लाख रुपये के एक चेक को लेकर भी विवाद होने का आरोप है।

बेस अस्पताल से लापता हुआ बीमार मरीज, चार महीने बाद गुमशुदगी दर्ज

हल्द्वानी। इलाज के लिए बेस अस्पताल में भर्ती मरीज अचानक लापता हो गया। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल में भर्ती कमल तिवारी का 30 जुलाई की रात से कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने अपने स्तर से काफी तलाश की, लेकिन नाकाम रहने पर अब कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

काठगोदाम के दमुवाढूंगा निवासी दिनेश चंद्र तिवारी के अनुसार उनका भाई कमल तिवारी अस्वस्थ होने के कारण बेस अस्पताल में भर्ती था। 30 जुलाई की रात वह अस्पताल से अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। मामले में खास बात यह है कि घटना जुलाई की है, जबकि पुलिस रिकॉर्ड में मंगलवार को गुमशुदगी की तहरीर इतने लंबे समय तक मरीज का सुराग न मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल परिसर और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को फुटेज खंगालने के साथ अस्पताल कर्मचारियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने गूगल में चयनित कार्तिकेय वारियाल को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

भीमताल

हमारे संवाददाता

प्लेसमेंट कामयाबियों में एक और उल्लेखनीय कामयाबी जोड़ते हुए ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल ने बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 2027 बैच के छात्र कार्तिकेय वारियाल की सफलता का जश्न मनाया। कार्तिकेय ने विश्व की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल में 61.36 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर प्रतिष्ठित प्लेसमेंट हासिल किया है। इस कामयाबी के उपलक्ष्य में आयोजित प्लेसमेंट सम्मान समारोह 2026 में ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष प्रो.डा. कमल घनशाला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस असाधारण कामयाबी को सम्मानित करते हुए प्रो.डॉ. कमल घनशाला ने कार्तिकेय को प्रशस्ति चिह्न, ट्रॉफी एवं एक लाख रुपये की नकद धनराशि प्रदान की। यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कामयाबी के प्रति सराहना का प्रतीक रहा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कार्तिकेय और उनके माता-पिता का स्वागत किया तथा इस गौरवपूर्ण कामयाबी पर उन्हें बधाई दी। इसके बाद प्रो. चनशाला ने कार्तिकेय के पिता को अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा कार्तिकेय की सफलता की यात्रा को संवारने में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के अमूल्य योगदान और सहयोगपूर्ण शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। अपनी सफलता की यात्रा साझा करते हुए कार्तिकेय वारियाल ने गूगल में चयन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मार्गदर्शनए मेंटरशिप और अवसरों के लिए ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने जूनियर्स को संबोधित करते हुए स्पष्ट विज़न रखनेए निश्चित लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। वह कामयाबी कुमाऊं क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के अवसर प्रदान करने के प्रति ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। यह समारोह केवल एक असाधारण प्लेसमेंट का उत्सव नहीं था बल्कि एक विद्यार्थी के सपनों व उसके परिवार के त्याग और आकांक्षाओं को कामयाबियों में बदलने के लिए समर्पित एक संस्थान के विजन का भी उत्सव था।



फिल्मी दुनिया

सैफ अली खान: बच्चों के साथ पकड़ी मछली, करीना के साथ दिए पोज





सैफ अली खान ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट बनाया है। यहां वह खुद से जुड़े अपडेट साझा करते हैं। हाल ही में उन्होंने परिवार के साथ अपने टूर की नई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक प्यारा नोट लिखा है।

अभिनेता सैफ अली खान अपने परिवार के साथ ग्रीस पहुंचे हैं। यहां से उन्होंने अपनी छुट्टियों की तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें अभिनेता समुद्र किनारे के नजारे दिखाए हैं। अपने बेटों के साथ मछली पकड़ रहे हैं। कुछ तस्वीरों में अभिनेता किताबें पढ़ते हुए नजर आ रहे हैं और धूप का आनंद ले रहे हैं। अभिनेता की पत्नी और अभिनेत्री करीना कपूर भी इस ट्रिप का आनंद ले रही हैं। सैफ के कैप्शन ने इन तस्वीरों में एक निजी एहसास जोड़ दिया। ग्रीक पौराणिक कथाओं के प्रति अपने लगाव के बारे में बात करते हुए, उन्होंने याद किया कि कैसे उनके पिता उन्हें सोने से पहले ग्रीक कथाएं प?कर सुनाया करते थे। सैफ अली खान ने हर तस्वीर के साथ एक अलग कैप्शन लिखा है। सैफ अली खान ने तस्वीरें के कैप्शन में लिखा, मेरे पिता कभी-कभी रात में मुझे ग्रीक पौराणिक कथाएं पढ़कर सुनाते थे। मैंने पढ़ा है कि कैसे स्वर्ग और पृथ्वी के मिलन से बाकी सब कुछ रचा गया। यूनानियों का मानना था कि हर छोटी खाड़ी में एक निम्फ और हर उपवन में एक %ड्रायड% रहती है। मुझे यह खयाल बहुत पसंद है।

सेलेब्स ने किए कमेंट

सैफ की इस पोस्ट ने जल्द ही उनके दोस्तों और फैन का ध्यान खींच लिया। सोनी राजदान ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, बहुत ही शानदार, खासकर किताबें और समुद्र। एकदम बेहतरीन। एक फैन ने उन्हें दुनिया का सबसे खुशहाल परिवार बताया। एक यूजर ने लिखा यति विचारशील किताबें पढ़ते हैं और पत्नी ग्लैमर और गॉसिप वाली मैगजीन पढ़ती हैं। ये तो एकदम कपल गोल्स हैं।

मासूम उम्र में मोबाइल का जहर, 10 साल के बच्चे पर छह साल की बच्ची से अश्लील हरकत का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बच्चों के हाथों में मोबाइल थमाकर माता-पिता भले ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लें, लेकिन स्क्रीन के पीछे बच्चे क्या देख रहे हैं और किस दुनिया में पहुंच रहे हैं, इसकी अनदेखी भारी पड़ सकती है। मुखानी क्षेत्र की एक घटना ने बचपन, मोबाइल और अभिभावकों की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पांचवीं कक्षा के 10 वर्षीय छात्र पर पहली कक्षा की छह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है।

पुलिस के अनुसार दोनों बच्चे पड़ोसी हैं। करीब सात दिन पहले हुई घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब परिजनों ने दोनों को देख लिया। बच्ची के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि बालक ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखे थे। हालांकि पुलिस इस पहलू समेत घटना के अन्य कारणों की भी जांच कर रही है। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक को सौंपी गई है।

यह मामला सिर्फ एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस घर के लिए चेतावनी है जहां छोटे बच्चों के हाथों में बिना निगरानी मोबाइल फोन है। बच्चों को मोबाइल देना गलत नहीं, लेकिन उनकी उम्र के अनुरूप सामग्री और इस्तेमाल की निगरानी बेहद जरूरी है। बच्चों को अच्छे-बुरे स्पर्श का अंतर समझाना, उनकी गतिविधियों पर ध्यान देना और उनके साथ खुलकर संवाद करना समय की जरूरत है। मोबाइल पर प्रतिबंध लगाने से ज्यादा जरूरी है डिजिटल दुनिया के खतरों से बच्चों को जागरूक करना। बच्चों को मोबाइल देना आसान है, लेकिन गलत सामग्री से बचाना अभिभावकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बचपन को स्क्रीन के हवाले मत कीजिए।

News कॉर्नर

कबड्डी, बैडमिंटन और खो-खो में दिखाया दमखम

जसपुर। श्री साई फार्मेसी कॉलेज में सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत विभिन्न खेलों के मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने कबड्डी, बैडमिंटन और खो-खो में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई। कबड्डी के मुकाबले में पॉलिटेक्निक विभाग की टीम ने फार्मेसी विभाग को हराकर खिताब जीता। बैडमिंटन के बालक वर्ग में बीए के कुनाल ने फार्मेसी विभाग के फहीम को पराजित किया। बालिका वर्ग में नर्सिंग विभाग की मुस्कान ने फार्मेसी विभाग की लवप्रीत कौर को हराया। खो-खो के मुकाबले में नर्सिंग विभाग की छात्राओं ने फार्मेसी विभाग की छात्राओं को हराकर प्रतियोगिता जीती। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। वहां चेयरमैन राजकुमार सिंह, निदेशक अवनीश कुमार, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य परवेंद्र शर्मा, पॉलिटेक्निक के प्राचार्य अतुल शर्मा, डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. देविका रावत आदि मौजूद रहे।

शक्ति केंद्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

खटीमा। राज्य स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत मंगलवार को आश्रम पद्धति स्थित बूथ संख्या पांच पर भाजपा के शक्ति केंद्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राज्य स्थापना दिवस के महत्व, प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं व संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। वहां पर नगरपालिक अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, अमित पांडे, शाह अब्दुल शकूर, कामिल खान, सरफराज, जीशान अहमद, महबूब सलमानी, राशिद मिर्जा, जाहिद कुरैशी, मुस्तफा अली, मजहर मंसूरी, फारूक सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, अमीनुल हक, असलम अंसारी आदि थे।

निबंध में छाया, शीतल व कोमल, स्लोगन में निर्मला, विशाखा व निशा ने मारी बाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा आयोजित किया गया।

इसके तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता विषय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान एवं स्लोगन प्रतियोगिता विषय संरक्षण, संरक्षित और जनजातीय विरासत का प्रदर्शन रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य के द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि



जनजातीय समाज ने पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जीवन को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। जनजातीय समाज ने समय समय पर जंगल को जोकि पर्यावरण का महत्वपूर्ण घटक है जिसमें वृक्ष, नदियाँ तथा जीव-जंतुओं की प्रजातियाँ हैं जो की हमारे जीवन का आधार हैं। इन्हें संरक्षित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। बिरसा मुंडा जिन्हें धरती आबा भी कहा जाता है ने अपना जीवन देश और पर्यावरण के हित में लगा दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता पाण्डे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. जयति दीक्षित एवं डॉ. निर्मला रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर छाया पन्त, द्वितीय शीतल बोहरा तथा तृतीय स्थान पर कोमल रही तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निर्मला बिष्ट, द्वितीय स्थान पर विशाखा बुधोड़ी तथा तृतीय स्थान पर निशा नेगी रही। कार्यक्रम में डॉ. इप्सिता सिंह, डॉ. तरुण कुमार आर्या, संतोष भारती, भास्करानंद पंत, सपना आर्या, अनिल, मुकेश व ललित तथा प्रेम उपस्थित रहे।

राज्यपाल के दौरे को लेकर हल्द्वानी में सुरक्षा का कड़ा पहरा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राज्यपाल के दौरे में सुरक्षा की जरा सी चूक भी भारी पड़ सकती है। इसी को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने हल्द्वानी में सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है। वीआईपी रूट, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। बिना वैध पास के किसी को भी कार्यक्रम स्थल के अंदरूनी सुरक्षा घेरे में प्रवेश नहीं मिलेगा।

राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर मिनी पुलिस लाइन में सुरक्षा ब्रीफिंग की गई। एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ. जगदीश चंद्र ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर सघन चेकिंग के साथ बीडीएस और डॉग





तैयारी

- वीआईपी रूट से हेलीपैड तक सघन निगरानी

स्क्वायड से एंटी-सबोटाज जांच कराई जाएगी। वीआईपी मूवमेंट के दौरान निर्धारित रूट डायवर्जन लागू रहेगा। एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा।

पुलिसकर्मियों को समय से ड्यूटी संभालने, वायरलेस पर समन्वय बनाए रखने और खुफिया तंत्र सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से शालीन व्यवहार करने पर भी जोर दिया गया। ब्रीफिंग में एसपी हल्द्वानी हरबंस सिंह, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ रामनगर रविकांत सेमवाल, सीओ भवाली अंजना नेगी, सीओ लालकुआं विमल प्रसाद, सीओ हल्द्वानी लव शर्मा, सीओ ऑपरेशन समीरन भट्ट, यातायात निरीक्षक भूपेश पांडेय सहित विभिन्न थानों के प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

ओवरटेक की सनक ने छीन ली इरशाद की जिंदगी, ट्रक के नीचे कुचलकर मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क पर रफ्तार का कहर एक और जिंदगी निगल गया। स्कूटी से पत्नी को लेने जा रहे इरशाद अहमद को तेज रफ्तार ट्रक ने ऐसी टक्कर मारी कि वह सीधे पिछले पहिये के नीचे आ गए। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के करीब 13 दिन बाद मृतक की पत्नी की तहरीर पर काठगोदाम पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना 4 नवंबर की सुबह गौलापुल-किशनपुर मार्ग पर कालीचौड़ मंदिर के रास्ते के पास हुई। इंद्रा कॉलोनी, दमुवाढूंगा निवासी इरशाद अहमद स्कूटी संख्या यू के04 जी 4753 से किशनपुर, गौलापार की ओर जा रहे थे। आरोप है कि पीछे से आए ट्रक संख्या यू के 04 सीसी 1344 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी।

मुकदमा

- गौलापुल-किशनपुर मार्ग पर हादसा, पत्नी ने 13 दिन बाद दर्ज कराया मुकदमा, चालक पर लापरवाही का आरोप

टक्कर इतनी जोरदार थी कि इरशाद सड़क पर गिर पड़े और ट्रक के पिछले पहिये के नीचे कुचल गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पत्नी रेनू शर्मा ने पुलिस को बताया कि पति की मौत के बाद अंतिम संस्कार और अन्य क्रियाकर्म में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल शिकायत नहीं कर सकीं। बीते दिवस मृतक की पत्नी ने वाहन चालक के खिलाफ तहरीर सौंप कर थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज कराया है

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वाहन और चालक से संबंधित जानकारी जुटाने के साथ हादसे के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

रफ्तार पर टोका तो लाठियों-फावड़े से टूट पड़ा दबंगों का कहर, बुजुर्ग मां का सिर फोड़ा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क पर तेज रफ्तार वाहन दौड़ाने से रोकना एक परिवार को भारी पड़ गया। बच्चों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने पर छोटा हाथी सवार युवकों ने कथित तौर पर पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और फावड़े से किए गए हमले में बुजुर्ग मां का सिर फट गया घटना ने चौधरी कॉलोनी में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

बरेली रोड स्थित चौधरी कॉलोनी निवासी पुनीत गुप्ता ने बनभूलपुरा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि रात वह बच्चों के साथ घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान रतिक गुप्ता, अमन गुप्ता, अंकित गुप्ता, अरुण गुप्ता और उनके दो साथी छोटा हाथी वाहन को तेज रफ्तार से दौड़ाते हुए निकले।

बच्चों के साथ हादसे की आशंका पर पुनीत ने वाहन धीरे चलाने की बात कही। आरोप है कि इतनी सी बात पर युवक भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया।

बचाने आई मां को भी नहीं



बख्शा: परिजनों को बचाने पहुंची पुनीत की मां निर्मल गुप्ता, भाई, पिता और भाभी पर भी हमला किए जाने का आरोप है। हमलावरों के वार से निर्मल गुप्ता के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें 10-12 टांके लगाने पड़े। पुनीत और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए हैं। पुनीत की तहरीर पर बनभूलपुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उपनिरीक्षक मोनी टम्टा को जांच सौंपी गई है। थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल के निर्देशन में पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी, वाहन चालक की पहचान और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। अब सवाल यह है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए तेज रफ्तार पर टोकना ही अगर किसी परिवार को लहूलुहान कर दे, तो सड़क पर कानून का खौफ आखिर कहां है?

हाईकोर्ट ने आपराधिक रिट याचिका को किया खारिज

नैनीताल। हाईकोर्ट ने हरिद्वार के झबरेड़ा थाने में दर्ज मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में 17 वर्षीय किशोर की आपराधिक रिट याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने 16 नवंबर को आदेश देते हुए कहा कि एफआईआर को देखने से प्रथम दृष्टया मामला बनता है इसलिए उसे रद्द करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को शामिल नहीं करने पर रोष

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर संगठन की भिकियासैंण के एक होटल में बैठक हुई। सेवानिवृत्त डीआईओएस डीएस नेगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आठवें वेतन आयोग के कार्यादेश में पेंशनरों को शामिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई।

वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2004 से पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त किए जाने के बाद कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। अब पेंशनरों को भी उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। बैठक के बाद पेंशनरों ने भिकियासैंण बाजार में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बैठक का संचालन तुला सिंह तड़ियाल ने किया। बैठक में संगठन के सचिव आनंद प्रकाश लखचौरा के निधन के बाद गुमाई सिंह उनियाल को नया सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में एक दर्जन से अधिक लोगों ने संगठन की सदस्यता ली। अंत में भवानी दत्त रिखाड़ी और आनंद प्रकाश लखचौरा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

नाराजगी

- लखचौरा के निधन पर दो मिनट का मौन

राम नाम आस्था का प्रतीक, नफरत नहीं, भाईचारे का देता है संदेश: मतीन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राम के आदर्शों को जीवन में उतारने से समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत होगी। राम नाम किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि शांति, त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश है। यह बात सपा प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के आश्रम पहुंचकर कही।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग राम नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि राम का संदेश समाज को जोड़ने का है। समिति राम नाम लेखन और जाप के माध्यम से देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रही है। सनातन धर्म में राम नाम मुक्ति का मार्ग है और इसका स्मरण मनुष्य को आत्मिक



शांति देता है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुमित तिवारी ने मतीन सिद्दीकी का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य राम नाम लेखन और आध्यात्मिक गतिविधियों के जरिए धर्म, संस्कार, शांति और सामाजिक भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।ठ्ठइस दौरान राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द पर चर्चा हुई। संस्था पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ. सत्यनारायण सचान, चंद्रशेखर यादव, आशीष यादव, दक्ष पंवार, कुलदीप राय, मुकेश शर्मा, कुलदीप अरोड़ा, राजकुमार, शरद चंद्राकर, मिलन पंडया, विक्की खान, डॉ. राजेंद्र पाराशर, लव दत्ता, श्रवण शंखधर, रवि कुमार, साहिल शर्मा, सुमित शर्मा, संजय सहगल, देवेश कुमार, संदीप गुप्ता, राजन देव, पंकज शर्मा, अमित शर्मा और उत्तम मिश्रा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

सराहना

- राम नाम विश्व बैंक समिति के आश्रम पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष, आध्यात्मिक अभियान की सराहना
- अखंडता को मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रही समिति